**एनटीपीसी NTPC**
एक महारत्न कम्पनी

# एनटीपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)


पंजीकृत ऑफिस : एनटीपीसी भवन, स्कोप कम्पलेक्स एरिया, लोदी रोड़, नई दिल्ली–110003
वेबसाइट : www.ntpc.co.in


## विज्ञापन सं. 19/23

## गेट–2024 के माध्यम से इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षु–2024 की भर्ती

एनटीपीसी लिमिटेड, 76,733 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी विद्युत कम्पनी है । हमारे देश के विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की सकल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है। अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजना को गति देने के लिए, एनटीपीसी को अपने संगठन में अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड वाले होनहार, समर्पित, ऊर्जावान युवा **ग्रेजुएट इंजीनियरों** की आवश्यकता है:

| निम्नलिखित विषयों में इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षु–2024 | | |
|---|---|---|
| *इलेक्ट्रिकल (135) | *मैकेनिकल (180) | *इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रुमेंटेशन (85) |
| *सिविल (50) | | *माइनिंग (25) |

**योग्यता :**
संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय मानकों के अनुसार न्यूनतम 65 प्रतिशत अंकों (एससी/एसटी/ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 55 प्रतिशत अंकों) के साथ इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी/एएमआईई में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। उम्मीदवारों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)–2024 में अवश्य शामिल हुआ होना चाहिए। नीचे दिए गए विषयों के लिए निर्धारित की गई डिग्री के साथ उम्मीदवार संबंधित विषयों में केवल ईईटी के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं:

| विज्ञापित विषय | इंजीनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्री |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कन्ट्रोल/पावर सिस्टम एंड हाई वोल्टेज/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/पावर इंजीनियरिंग |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजी./प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजी./थर्मल/मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन/पावर इंजीनियरिंग |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पावर/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स |
| इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग | इंस्ट्रुमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन/इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कन्ट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कन्ट्रोल |
| सिविल इंजीनियरिंग | सिविल/कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग |
| माइनिंग इंजीनियरिंग | माइनिंग |

**आयु सीमा :**
ऊपरी आयु सीमा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 27 वर्ष है। एससी/एसटी/ओबीसी/ पीडब्ल्यूबीडी/भू.सै. उम्मीदवारों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट लागू होगी।

**चयन प्रक्रिया :**
योग्य उम्मीदवारों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)–2024 में अवश्य शामिल हुआ होना चाहिए और परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ होना चाहिए। एनटीपीसी में इस विज्ञापन के अधीन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों में से गेट–2024 में उनके प्रदर्शन और संगठन की आवश्यकता के आधार पर उन्हें दस्तावेज सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके अलावा, उम्मीदवारों को विज्ञापित योग्यता मानदंडों को पूरा करने पर ''नियुक्ति प्रस्ताव'' बढ़ाया जाएगा। कृपया नोट करें कि केवल गेट–2024 अंक ही ईईटी–2024 भर्ती के लिए वैध होंगे।

**गेट–2024 पेपर नीचे दिये गये विवरण के अनुसार:**

| एनटीपीसी द्वारा विज्ञापित इंजीनियरिंग विषय | संगत गेट–2024 पेपर | संगत गेट–2024 पेपर कोड |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजी. (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कन्ट्रोल/पावर सिस्टम एंड हाई वोल्टेज/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/पावर इंजीनियरिंग) | **इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग** | **ईई** |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजी./प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजी./थर्मल/मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन/पावर इंजीनियरिंग) | **मैकेनिकल इंजीनियरिंग** | **एमई** |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पावर/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स) | **इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग** | **ईसी** |
| इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग (इंस्ट्रुमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन/इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कन्ट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कन्ट्रोल) | **इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग** | **आईएन** |
| सिविल/कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग | **सिविल इंजीनियरिंग** | **सीई** |
| माइनिंग | **माइनिंग** | **एमएन** |

**अनुमानित रिक्तियां :**
प्रत्येक विषय में श्रेणीवार अनुमानित रिक्तियां नीचे दी गई हैं:

| विषय | रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | अना. | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी |
| **इलेक्ट्रिकल** | **135** | 85 | 12 | 08 | 22 | 08 |
| मैकेनिकल | **180** | 96 | 13 | 22 | 34 | 15 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रुमेंटेशन | **85** | 35 | 08 | 27 | 15 | – |
| सिविल | **50** | 25 | – | 03 | 16 | 06 |
| माइनिंग | **25** | 13 | – | 03 | 05 | 04 |

***वर्तमान रिक्तियों की गणना मौजूदा रोस्टर स्थिति के अनुसार की गई है।**

**पीडब्ल्यूबीडी के लिए रिक्तियां सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित हैं। ऊपर बताई गई अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेक पर बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं।

**ईईटी (इलेक्ट्रिकल) के पद के लिए दिव्यांगता का चिन्हित प्रकार:** क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एएसडी (एम), एसएलडी एमआई घ) (क) से (ग) तक शामिल एमडी, **ईईटी (मैकेनिकल):** क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एसएलडी, एमआई घ) (क) से (ग) तक शामिल एमडी, **ईईटी (इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन):** क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एएसडी (एम), एसएलडी एमआई घ) (क) से (ग) तक शामिल एमडी, **ईईटी (सिविल):** क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एसएलडी एमआई घ) (क) से (ग) तक शामिल एमडी, **ईईटी (माइनिंग):** पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए चिन्हित नहीं हैं।

**भर्ती का लेवल/वेतनमान :**
चयनित उम्मीदवारों को **बेसिक वेतन रु. 40,000/– (ई1 ग्रेड) पर वेतनमान रु. 40,000–1,40,000** पर नियुक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान/नियुक्ति के बाद कम्पनी के नियमों के अनुसार समय–समय पर लागू अन्य लाभ जैसे महंगाई भत्ता, अन्य परिलब्धियां एवं भत्ते, टर्मिनल लाभ आदि लागू होंगे।

**प्लेसमेंट**
चयनित उम्मीदवारों को विभिन्न स्थानों पर एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अंतिम नियुक्ति स्थान निर्धारित किया जाएगा। उम्मीदवारों को पूरे देश में एनटीपीसी की सहायक कंपनियों/जेवी कंपनियों सहित किसी भी परियोजनाओं/स्टेशनों में कार्य के लिए नियुक्त किया जा सकता है।
उम्मीदवारों को विद्युत संयंत्रों के शिफ्ट परिचालन के लिए परियोजनाओं/स्टेशनों पर नियुक्त किया जाएगा और उन्हें शिफ्ट (रात्रि शिफ्ट सहित) में कार्य करना होगा। उम्मीदवार द्वारा आवेदन ही उनके शिफ्ट (रात्रि शिफ्ट सहित) में कार्य करने की सहमति की सहमति माना जाएगा।

**आरक्षण एवं छूट :**
1. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकारी से वैध ईडब्ल्यूएस/ओबीसी–एनसीएल/एससी/एसटी/दिव्यांगता प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, होना आवश्यक है। एससी/एसटी/ओबीसी/भूतपूर्व सैनिक/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण एवं छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगी। उपरोक्त छूट एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए निर्धारित रिक्तियों में विस्तारित की जाएगी।
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) भरने के बाद उसे बदला नहीं जा सकेगा और बाद में अन्य श्रेणी के लाभ लागू नहीं होंगे। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रप्त्र में अपेक्षित वैध प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
3. एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार न्यूनतम 55 प्रतिशत योग्यता अंकों के साथ पद हेतु आवेदन के लिए योग्य हैं। ऊपरी आयु सीमा में एससी/एसटी के लिए 5 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट है। इसमें पीडब्ल्यूबीडी–सामान्य/ईडब्ल्यूएस के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी–ओबीसी के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी–एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष की छूट है। ओबीसी उम्मीदवार जो ''क्रीमी लेयर'' से संबंधित हैं, वे ओबीसी श्रेणी के लिए लागू छूट पाने के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी सामान्य दर्शानी होगी। ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (नॉन–क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को **केवल वर्तमान वित्तीय वर्ष में जारी** किया गया सक्षम प्राधिकारी से भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित प्रमाणपत्र जमा करना होगा। इसके अलावा, भूतपूर्व सैनिकों (एक्सएसएम) को भारत सरकार के मानकों के अनुसार छूट दी जाएगी।

**सर्विस बांड :**
सामान्य, ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी श्रेणियों से संबंधित चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद न्यूनतम 3 वर्ष के लिए कम्पनी में अपनी सेवाएं देने के लिए रु. 5,00,000/– (रु.2,50,000/– एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के लिए) का सर्विस बांड निष्पादित करना होगा।

**स्वास्थ्य :**
नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड/ऑफिसर द्वारा चिकित्सा परीक्षण कराना होगा और इस पर उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में कोई भी छूट नहीं होगी। विस्तृत चिकित्सा मानक वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं। इसलिए सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले चिकित्सा मानकों के बारे में भली–भांति पढ़ लें।

**आवेदन कैसे करें:**
1. **योग्य उम्मीदवारों को वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर एनटीपीसी ईईटी–2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा और अपनी गेट–2024 पंजीकरण संख्या के साथ www.ntpc. co.in पर करियर्स सैक्शन को देखना होगा।**
2. उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे (जैसा कि #9 पर सूचीबद्ध है) और ऑनलाइन आवेदन के दौरान गेट–2024 पंजीकरण संख्या दर्ज करनी होगी।
3. सभी निर्देशों को भली–भांति पढ़ लें और ऑनलाइन आवेदन पत्र में गेट–2024 पंजीकरण संख्या सहित अन्य सही सूचना दें। सफलतापूर्वक आवेदन के बाद, सिस्टम एक **विशिष्ट आवेदन संख्या** जेनरेट करेगा। उम्मीदवारों को **आवेदन पर्ची डाउनलोड** करनी होगी और **आवेदन पर्ची** का प्रिंटआउट अपने पास रखना होगा जो सफलतापूर्वक आवेदन के बाद सिस्टम द्वारा जेनरेट किया जाएगा।
4. **कृपया सुनिश्चित करें कि गेट–2024 पंजीकरण संख्या, जो आपके गेट–2024 स्कोर कार्ड में वर्णित है, सही भरी गई है।** गेट स्कोर कार्ड के अनुसार ही नाम होना चाहिए। एक बार आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा करने के बाद उम्मीदवार द्वारा दर्ज किए गए डेटा पर किसी भी परिवर्तन के संबंध में विचार नहीं किया जाएगा।
5. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को अप्रतिदेय आवेदन शुल्क रु. 300/– का भुगतान करना होगा । एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करना है। भुगतान **ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड** में किया जा सकता है।
6. **क) ऑफलाइन भुगतान प्रक्रिया :** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली में एक विशेष रूप से खोले गए खाते (नं. **30987919993**) में आवेदन शुल्क एकत्र करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को ''पे–इन–स्लिप'' के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा जो कि आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध है। पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल आवंटित खाते में राशि को उचित रूप से जमा करने हेतु शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर, बैंक राशि एकत्र करने वाले बैंक का एक विशिष्ट जर्नल नंबर और एक शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और ब्रांच कोड अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन के दौरान भरना होगा। यदि उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो इसके लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।
7. **ख. ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया :** उम्मीदवार के पास ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से शुल्क का भुगतान करने का भी विकल्प होगा। ऑनलाइन भुगतान विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र पर उपलब्ध होगा।
8. एक बार अदा किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। **अतएव उम्मीदवारों से आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पूर्व अपनी पात्रता का सत्यापन कर लेने का अनुरोध किया जाता है।**
9. **दस्तावेज़ अपलोड करनाः उम्मीदवारों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज़ आवश्यक रूप से अपलोड करने चाहिए। अपूर्ण/अपर्याप्त दस्तावेजों वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा/आगे की प्रक्रिया के लिए उन पर विचार नहीं किया जाएगा।** दस्तावेज़ों की सूची यहां दी गई है:
1. नाम/जन्मतिथि प्रमाण के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र या अंकपत्र
2. पैन कार्ड और आधार कार्ड
3. मूल गेट 2024 स्कोर कार्ड की स्कैन की गई प्रति
4. इंजीनियरिंग डिग्री (फाइनल/प्रोविजनल प्रमाणपत्र)
5. इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष या समेकित अंकपत्र/प्रतिलेख स्पष्ट रूप से सभी सेमेस्टर में कुल अंकों का प्रतिशत दर्शाता हो।
6. सीजीपीए/सीजीपीआई/डीजीपीए/सीजीआई/सीपीआई आदि में अंकों को प्रतिशत (%) में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान से अंक रूपांतरण फॉर्मूला। यदि अंक पहले से ही प्रतिशत में दिए गए हैं तो रूपांतरण सूत्र की आवश्यकता नहीं है।
7. सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में वैध जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए)। क. ओबीसी–एनसीएल प्रमाणपत्र वित्त वर्ष 2024–25 के लिए वैध केंद्रीय प्रारूप में होना चाहिए। ख. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को निर्धारित केंद्रीय प्रारूप में वित्त वर्ष 2023–24 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2024–25 के लिए वैध आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
8. फोटो

**सामान्य जानकारी एवं दिशानिर्देश :**
1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए योग्य हैं।
2. उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वह विज्ञापन पर दर्शाए गए योग्यता मापदंडों एवं अन्य मानकों को पूरा कर रहे हैं।
3. सभी योग्यताएं किसी भारतीय विश्वविद्यालय/एआईसीटीई/उपयुक्त सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थान से होनी चाहिए।
4. आयु की गणना विज्ञापन में वर्णित अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को की जाएगी।
5. कोई मैनुअल/पेपर आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा।
6. यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी झूठी पायी जाती है या विज्ञापन में दर्शाए गए योग्यता मापदंडों के अनुसार नहीं पाई जाती है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता करार दिया जाएगा।
7. ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिया गया ई–मेल आईडी न्यूनतम अगले एक वर्ष के लिए वैध होना चाहिए। एक बार भरने के बाद ई–मेल आईडी में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। भविष्य में सभी पत्राचार केवल इसी ई–मेल आईडी के माध्यम से किए जाएंगे।
8. किसी भी संगठन में कार्यरत उम्मीदवारों को उक्त पद के लिए चयनित होने पर नियुक्ति के समय वर्तमान संगठन से कार्यमुक्ति पत्र जमा करना आवश्यक है।
9. केवल इस तथ्य पर कि किसी उम्मीदवार ने विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्रस्तुत किया है और विज्ञापन में निर्धारित मानदंड को पूरा करता प्रतीत होता है, तो भी उसे निश्चित रूप से आगे चयन प्रक्रिया में बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाएगा।
10. एनटीपीसी बिना कोई कारण बताएं या कोई भी सूचना दिए बिना यदि जरूरी हुआ तो भर्ती प्रक्रिया को निरस्त/रोकने/विस्तारित करने/संशोधित करने/बदलने का अधिकार रखता है।
11. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में और/या उसके प्रतिक्रिया में कोई आवेदन केवल दिल्ली में ही दायर किया जा सकता है और केवल दिल्ली में न्यायालय/अधिकरण/फोरम के पास ऐसे किसी कारण/विवाद के निराकरण के प्रयास करने का एकमात्र और विशेष अधिकार होगा।
12. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां :**

| | | |
|---|---|---|
| **a.** | ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि | 30.01.2025 |
| **b.** | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 13.02.2025 |

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

25 x 38 CM